Title: Re: Setting up of Factories in Palamu District (Jharkhand) for economic development of the region.

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू): माननीय सभापति जी, आप इस बात से भलीभांति अवगत हैं कि अभी भी झारखण्ड विकास की दृष्टिकोण से बहुत ही पिछड़ा हुआ राज्य है । हमारे संसदीय क्षेत्र के दोनों जिले, आकांक्षी जिलों की सूची में आते हैं । ये दोनों जिले, आपके प्रदेश, जहाँ से आप आते हैं, की सीमा पर स्थित हैं । इन जिलों की सीमाएं एक ओर बिहार से और दूसरी ओर छत्तीसगढ़ से भी जुड़ती हैं । यहाँ सबसे बड़ी समस्या पलायन की है । आज़ादी के इतने वर्षों के बाद भी वहाँ पर कोई भी फैक्ट्री नहीं लगी, न ही कोई उद्योग-धंधा ही लगा । इस समस्या का मूल कारण वहाँ पर जमीन की अनुपलब्धता है, जिसके कारण वहाँ कोई फैक्ट्री नहीं लग रही है । वहाँ पर इस तरह से जमीन उपलब्ध करायी जा सकती है कि आज जो इंडियन फॉरेस्ट एक्ट है, जिसके अंतर्गत जंगल-झाड़ को वहाँ के फॉरेस्ट एक्ट के प्रावधानों के तहत दिखा दिया गया है, जिसकी वजह से, वहाँ कोई फैक्ट्री एस्टैब्लिश नहीं हो रही है । उसमें संशोधन की आवश्यकता है ताकि जमीन की उपलब्ध हो सके और फैक्ट्री एस्टैब्लिश हो सके और वहाँ के नौजवानों को रोज़गार मिल सके एवं उस राज्य के उत्थान के साथ ही हमारे संसदीय क्षेत्र का भी आर्थिक विकास हो सके ।